हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 6 जनवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 खड़गवां में आधुनिक कृषि कॉलेज भवन का भूमिपूजन



## खबर संक्षेप

### कौशल्या साय कल गोविंदपुर में



**अम्बिकापुर।** पद्मश्री राजमोहिनी देवी की 32वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय मंगलवार को विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर पहुंचेगी। आयोजन समिति के सदस्य रामलखन पैकरा ने बताया कि पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी जन सेवा संस्थान हर वर्ष 6 जनवरी को माता की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमें उनके हजारों अनुयायी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचते हैं। कार्यक्रम में इस बार विशेष रूप से मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय उपस्थित रहेंगी।

### गांधीनगर थाना प्रभारी सहित 9 का स्थानांतरण

**अम्बिकापुर।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने चार थाना व चौकी प्रभारियों सहित कुल 9 पुलिसकर्मियों को स्थानांतरित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार गांधीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप जायसवाल को लुण्ड्रा का थाना प्रभारी पदस्थ किया गया है वहीं रक्षित केंद्र से निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी गांधीनगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोतवाली थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक संपत वोटाई को थाना प्रभारी लखनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं थाना प्रभारी लुण्ड्रा उप निरीक्षक राम नारायण पटेल को रघुनाथपुर चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। रघुनाथपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप दुबे को गांधीनगर थाना में पदस्थ किया गया है वही गांधीनगर थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक नवल किशोर दुबे को रक्षित केंद्र भेजा गया है। इसी तरह कमलेश्वरपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामबचन को सीतापुर थाना वहीं रक्षित केंद्र से आरक्षक रामजीत लकड़ा को कमलेश्वरपुर थाना, संजीत मिर्रे को यातायात शाखा में पदस्थ किया गया है।

### वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसोढ़ी निवासी आदिबल राम राजवाड़े आ. स्व. छबिल राम (50 वर्ष) 3 जनवरी को छेरता त्यौहार मनाने मुकुंदपुर मेहमानी करने गया था। दूसरे दिन पैदल घर आने लगा और जैसे ही पुहपुटरा और लहपटरा के बीच पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण अचेत हालत में पड़ा था। परिजन तत्काल घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक सवार दंपती को वाहन ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम तिरंग कोरकोटपारा निवासी पुष्पा पैकरा पति इंद्रजीत पैकरा (19 वर्ष) शनिवार को पति के साथ बाइक से मायके गांधीनगर क्षेत्र के ग्राम बलसेढ़ी महादेवपारा आ रही थी। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 रघुनाथपुर के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ऑटो से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत पुष्पा पैकरा को मृत घोषित कर दिया जबकि पति का उपचार अस्पताल में जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# अत्यधिक ठंड में बीपी बढ़ने के साथ ही बढ़ी हृदयाघात की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शीतलहर के प्रभाव को लेकर की गई कार्यशाला, दी गई जानकारी, बुजुर्ग, बच्चों , गर्भवती माताओं को लेकर विशेष निर्देश जारी

सरगुजा के साथ ही उत्तरी छत्तीसगढ़ इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। तापमान 4 से 7 डिग्री के बीच बना हुआ है और सर्द हवाएं चल रही है जो कि बुजुर्गों, बच्चों के लिए खाफी खतनाक है। ऐसे में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं जन स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला स्तरीय तकनीकी स्वास्थ्य परामर्श के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह स्थिति शीत लहर जैसी परिस्थितियों को दर्शाती है, जिससे मानव शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ जाती है।

अत्यधिक ठंड के कारण शरीर मे थर्मोरेगुलेटरी असंतुलन उत्पन्न होता है, जो विशेष रूप से संवेदनशील वर्गों के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इस प्रकार की ठंड में रक्त वाहिकाओं का संकुचन होता है, जिससे रक्तचाप में वृद्धि देखी जा सकती है। हृदय रोगियों में कोरोनरी वेसोस्पाज़्म की संभावना बढ़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप तीव्र हृदयाघात जैसे गंभीर जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। श्वसन तंत्र पर ठंड का सीधा प्रभाव पड़ता है, जिससे दमा एवं सीओपीडी जैसे रोगों के लक्षणों में तीव्रता आ सकती है। अत्यधिक ठंड के संपर्क में आने से बुजुर्गों, नवजात शिशुओं एवं निराश्रित व्यक्तियों में हाइपोथर्मिया की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। इसके अतिरिक्त, ऊपरी एवं निचले श्वसन पथ के संक्रमण तथा निमोनिया के मामलों में वृद्धि की संभावना बनी रहती है। इन परिस्थितियों में कुछ जनसमूह विशेष रूप से उच्च जोखिम में रहते हैं, जिनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, नवजात एवं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, हृदय, फेफड़े, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी, साथ ही खुले में कार्य करने वाले श्रमिक एवं निराश्रित व्यक्ति शामिल हैं। इन वर्गों को ठंड से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। श्वसन एवं हृदय रोगों से संबंधित आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ऑक्सीजन, नेबुलाइज़र तथा आपातकालीन बेड की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर विशेष बल दिया गया है।उन्होंने कहा कि लोग वर्तमान परिस्थितियों को गंभीरता से लें, आवश्यक सावधानियां अपनाएं तथा किसी भी प्रकार के लक्षण जैसे अत्यधिक ठंड लगना, सांस फूलना, सीने में दर्द या अत्यधिक कमजोरी महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।



### शराब शरीर की ऊष्मा को करती है कम

नोडल अधिकारी डॉ.गुप्ता ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए शराब पीने को लेकर फैली भ्रांति से बचना आवश्यक है, क्योंकि शराब शरीर की ऊष्मा को बनाए रखने के बजाय उसे और कम कर देती है, अतः इसका सेवन पूर्णतः वर्जित है। ठंड से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव हेतु नागरिकों को बहु-परत ऊनी अथवा थर्मल वस्त्र पहनने, सिर, कान, हाथ एवं पैरों को पूर्ण रूप से ढककर रखने, प्रातःकालीन एवं रात्रिकालीन अत्यधिक ठंड में अनावश्यक बाहर निकलने से बचने तथा पर्याप्त कैलोरी युक्त आहार एवं गरम तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

## 24 घंटे के भीतर पारा में 5 डिग्री की गिरावट

# दो दिन की राहत के बाद पश्चिमोत्तर की शीतलहर ने बढ़ाई कंपकपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- घने कोहरे से दोपहर तक थमा रहा जनजीवन
- फिलहाल राहत की नहीं संभावना, पारा में होगी और अधिक गिरावट

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही एक बार फिर पश्चिमोत्तर की शीतलहर ने शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग को कंपकपा दिया है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में पारा में और अधिक गिरावट होने के साथ ही शीतलहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना जता रहे हैं।

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले दो दिनों तक बादलों की आवाजाही से ठंड से कुछ राहत थी तथा रविवार को न्यूनतम पारा बढ़कर 9.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होते ही पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह के साथ ही घने कोहरे का कहर शुरू हो गया है। रविवार की शाम से ही लगातार पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाएं चल रही है। सर्द हवाओं के बीच बीती रात मौसम साफ था लेकिन सुबह 5 बजते ही घना कोहरा छा गया। सुबह कोहरा का घनत्व इतना अधिक था कि पास की वस्तुएं भी नहीं दिखाई दे रही थी। मैदानी क्षेत्रों में कोहरा का व्यापक असर देखा गया। सुबह 9 बजे शहरी क्षेत्र तथा सूर्य की किरणें निकलते ही एक बार फिर कोहरा का घनत्व बढ़ गया। सुबह 11 बजे धूप निकली तो कोहरा का प्रभाव कुछ कम हुआ तथा दृश्यता बढ़कर 200 मीटर हुई। पूरे दिन कोहरा के प्रभावी रहने के कारण धूप निकलने के बावजूद ठंड लोगों को कंपकपाती रही। विक्षोभ की हवाएं पश्चिमोत्तर की ठंड एवं उत्तर प्रदेश का कोहरा लेकर पहुंच रही हैं जिससे आने वाले दिनों में भी घना कोहरा छाने की संभावना जताई जा रही है। घने कोहरे के कारण सुबह 5 बजे से 9 बजे तक वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा रहा। वाहन चालकों ने हेडलाइट जलाकर धीमी रफ्तार से अपना सफर पूरा किया। सुबह घने कोहरे के बीच आवागमन करने वाले दोपहिया सवार ओस की बूंदों से भींग गए थे। इस दौरान वातावरण की आर्द्रता 95 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है।



घने कोहरे के बीच हेड लाइट जलाकर गुजरता चार पहिया वाहन।

### पारा में 5 डिग्री की गिरावट

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से चालू सत्र में सोमवार को पहली बार 24 घंटे के भीतर न्यूनतम पारा में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इसके पूर्व पारा में कभी इतनी अधिक गिरावट नहीं आई थी। पिछले दो दिनों के भीतर अधिकतम पारा में 4.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई तथा तथा सोमवार को न्यूनतम पारा 19.1 डिग्री पर पहुंच गया है जो सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे है। पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही एक बार फिर शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। कनकनी बढ़ने के कारण दिन में भी ठंड से राहत नहीं है जिसके कारण लोगों को हीटर एवं अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से मैदानी क्षेत्रों का पारा 3 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। सोमवार को मैदानी इलाकों में ओस की बूंदे जमकर बर्फ बन गई थी। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में पारा में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में यूपी एवं उत्तराखण्ड के ऊपर मध्यक्षोभ मण्डल में एक पछुआ विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है जबकि विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान में है। उत्तर भारत के ऊपर लगातार जेट धारा प्रभावित है वहीं उत्तर भारत एवं तमिलनाडु के पास एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से दक्षिण से उत्तर तक के इलाके ठंड से प्रभावित है। मौसमी घटकों के प्रभाव से फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

#### मैनपाट का पारा 1 डिग्री

शीतलहर के प्रभाव से पठारी क्षेत्रों का बुरा हाल है तथा पठारी क्षेत्रों का पारा 1 डिग्री पहुंच गया है। सोमवार को मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में इस साल पहली बार न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। पारा में तेज गिरावट होने के कारण घास के मैदानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाठ में भी पाला का व्यापक असर देखा गया। इसके पूर्व जनवरी में मैनपाट का पारा 2.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था।

#### लगातार पहुंच रही ठंडी हवाएं

रविवार की शाम से ही लगातार पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाएं पहुंच रही है जिसके कारण तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। आगामी 3 दिनों तक मौसम के यथावत रहने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी



दिन में अलाव तापते लोग।

## शीतलहर का प्रभाव, बस स्टैंड सहित चौक-चौराहों पर जलाए जा रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाके इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में हैं,सुबह से लेकर देर रात तक हड्डियां कंपा देने वाली ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है, कड़कड़ाती ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा मानवीय पहल करते हुए बस स्टैंड, मुख्य चौक चौराहों तथा तथा भटगांव मार्ग पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप अलाव की व्यवस्था की गई है,जिससे राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ठिठुरन से कुछ सुकून मिल सके,सोमवार को सुबह से दोपहर तक पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दृश्यता इतनी कम रही कि सड़कों पर वाहन चालकों को बेहद सावधानी से चलना पड़ा,दोपहर बाद सूरज निकलने दौरान भी ठंड की तीव्रता में कोई खास कमी नहीं आई और पूरे दिन कंपकपी छुड़ा देने वाली सर्दी लोगों को परेशान करती रही,दिहाड़ी मजदूर,रिक्शा चालक,बस यात्रियों और बुजुर्गों के लिए यह ठंड विशेष रूप से कष्टकारी साबित हो रही है,अलाव के आसपास लोग हाथ सेंकते और राहत की गर्माहट तलाशते नजर आए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें,गर्म कपड़े पहनें और अनावश्यक रूप से खुले में देर तक न रहें।

# जंगली सूअर का शिकार, 7 फरार आरोपी भेजे गए जेल

- अब तक 11 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत जंगली सुअर का शिकार करने, उसके मांस को काटकर विक्रय करने एवं पकाकर खाने के मामले में वन अमले ने प्रारंभ से ही फरार चल रहे 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को सोमवार को रामानुजगंज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

आरोपियों ने वनपरिक्षेत्र धमनी अंतर्गत उप परिक्षेत्र सनावल झारा जंगल में 16 दिसम्बर 2025 के दिन फंदा लगाकर जंगली सुअर को पकड़ा था। सुअर को पकड़ने के बाद आरोपियों ने उसके टुकड़े कर मांस का विक्रय करने के साथ ही स्वयं भी पकाकर खाया था। सूचना पर विभाग द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50,51,52, 39(2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वन अमले ने ग्राम त्रिशुली निवासी आरोपी अरूण, सुनील, जितेन्द्र एवं जयफल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। रविवार को फरार आरोपियों को पकड़ने विभाग द्वारा दो टीमों को रवाना किया था। विभाग की टीमों ने प्रारंभ से ही फरार चल रहे आरोपी संतोष, रामकुमार, प्रदीप, सूर्यकांत, दिनेश, देवनाथ एवं ईश्वर को गिरफ्तार कर रामानुज न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामले में विभाग 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुका है। सभी आरोपी ग्राम त्रिशुली एवं सुंदरपुर के निवासी है।





## चोरी के मामले में पुलिस ने अपचारी सहित 4 को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नगदी सहित गलाए गए जेवर के सोना किया बरामद

नवापारा स्थित किराए के सूने मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक अपचारी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद 35 हजार के अलावा चोरी किए गए जेवर के गलाए गए सोना जब्त किया है। अपचारी को बाल सुधार गृह जबकि अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी अंतर्गत ग्राम बरही निवासी ज्योति गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृंदावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक ने घर में चोरी होने की सूचना दी। जानकारी लगने पर ज्योति वापस लौटी तो देखा घर के अलमारी में रखे नगदी सहित लगभग 3 लाख से अधिक के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही शिवम रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सूने मकान से नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी करने की बात बताई। साथ ही चोरी के जेवर अपने साथी राजपुत, हैप्पी, विलसन एवं एक अपचारी बालक के साथ मिलकर जोड़ा पीपल समीप ज्वेलर्स संचालक को बेचने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर सोने चांदी जेवर के गलाए सोना के अलावा नगद 35 हजार रूपए जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से अपचारी को बाल सुधार गृह वहीं आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह सोनवानी, आरक्षक रमन मंडल, राहुल सिंह सक्रिय रहे।

## विशेष कीर्तन दरबार सजा, बरताया अटूट लंगर

# धूमधाम से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिख समाज ने दसवें गुरु श्री गरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के मौके गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में शबद कीर्तन के साथ ही अटूट लंगर बरताया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। बता दें कि सिख समाज द्वारा सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती श्रद्धाभाव और हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य ओर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जबकि सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में नगरवासियों सहित सिख समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।



गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रातःकाल से ही गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गुरुद्वारा साहिब को अत्यंत सुंदर एवं भव्य रूप से सजाया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण गुरुवाणी और भक्ति से सराबोर हो गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों तथा ज्ञानी छत्तर सिंह जी द्वारा गुरुवाणी की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं। कीर्तन दीवान के पश्चात गुरु का अटूट लंगर भी श्रद्धापूर्वक चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरूचरण सिंह छाबड़ा, एवं सचिव डॉ. हर्षप्रीत सिंह धन्जल ने समस्त संगत एवं समाज के सभी वर्गों को गुरु गोविंद सिंह जयंती की शुभकामनाएं देते हुए गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।



## खबर संक्षेप

### फुटबॉल का फाइनल मुकाबला आज



**नगर।** जिले के ग्राम उमझर के फुटबॉल ग्राउंड में पिछले 20 दिनों से जारी चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 6 जनवरी को खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में सागरपुर और करंजी की टीमें आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबलों में सागरपुर ने उमझर को, जबकि करंजी ने फूलपुर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ क्षेत्र के खेलप्रेमियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### भारतीय रेडक्रॉस समिति की बैठक कल

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आगामी 7 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न होगी। बैठक में रेडक्रॉस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### सोनहत में जोरदार ठंड से जनजीवन प्रभावित



**सोनहत।** खंड स्तर पर विगत दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ने से आमजन बेहाल नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि सुबह 8-9 बजे तक घना कुहरा छाया रहता है और दिनभर हल्की धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर बना हुआ है। शाम 4 बजे के बाद से ही घरों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलने लगते हैं। खासकर विभिन्न प्रतिष्ठानों के सामने दुकान संचालक स्वयं अलाव की व्यवस्था कर ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात में कड़ाके की ठंड पड़ने से विशेषकर वातजन्य रोगियों में सर्दी, खांसी जैसी समस्याएं आम हो चली हैं, इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### वार्ड में अंधेरे से मिली राहत



**बैकुण्ठपुर।** वार्ड क्रं. 5 पुराने न्यायालय के पीछे दो स्ट्रीट लाइट खराब हो गई थी, इसके चलते वार्डवासियों को शाम ढलने के बाद आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, इसकी शिकायत वार्ड पार्षद को किए जाने के बाद पार्षद धीरज शिवहरे ने पहल करते हुए वार्डवासियों की मांग पर सुधार कार्य कराया, इससे कि अब लोगों को शाम ढलने के बाद आवागमन में अंधेरे का सामना नहीं करना पडेगा।

### प्रत्येक पंचायत में मांग के आधार पर उपलब्ध कराएं रोजगार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मांग के आधार पर अकुशल रोजगार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा आगामी 7 जनवरी को प्रत्येक ग्राम पंचायत में चावल उत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ की गई मोर गांव मोर पानी योजना के साथ जिले में संचालित आवा पानी झोंकी अभियान को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक आजीविका डबरी निर्माण एवं आजीविका संवर्धन से संबंधित कार्य स्वीकृत किए जाएंगे।

---

### 9 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से होगा निर्मित

# खड़गवां में आधुनिक कृषि कॉलेज भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- मंत्री द्वय रामविचार और श्यामबिहारी रहे मौजूद

एमसीबी जिले के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खड़गवां के नवीन भवन का विधिवत भूमिपूजन हुआ। करीब 9 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाला यह आधुनिक एवं बहुउद्देशीय भवन क्षेत्र के किसानों, युवाओं एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन में आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन तथा पशुधन विकास विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम रहे। समारोह की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत खड़गवां अध्यक्ष श्रीमती श्यामबाई मरकाम, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रिया सिंह, जनपद सदस्य युगांतर श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत पोड़ीडीह की सरपंच सुश्री जया मरावी एवं ग्राम पंचायत खड़गवां के सरपंच सुखित लाल अगरिया सहित वरिष्ठ नागरिग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



भूमिपूजन में उपस्थित मंत्री सहित नागरिक।

प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र खड़गवां की स्थापना क्षेत्र के लिए एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक निर्णय है। यह महाविद्यालय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की स्वीकृति से संभव हो सका, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सीसी सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनपद पंचायत मुख्यालय सोनहत स्थित तहसील कार्यालय पहुंच मार्ग के लिए सीसी सड़क निर्माण कार्य कराया गया था, जो अब जर्जर होते जा रहा है।

तहसील के निकट सीसी सड़क पर सड़क की गिट्टी बाहर निकल आई है। गुणवत्तायुक्त सीसी सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराए जाने के कारण ही कुछ ही वर्ष में सीसी सड़क की बदहाली सामने दिखाई देने लगी है, इसके चलते लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील कार्यालय सोनहत पहुंचने के लिए बनाई गई सीसी सड़क से सीमेंट की परत उखड़ने लगी है और तहसील कार्यालय के निकट की सीसी सड़क की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। वहीं तहसील कार्यालय सोनहत के सामने अहाते के किनारे से पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण भी नहीं कराया गया है, इसके चलते बरसात के समय लोगों को तहसील कार्यालय आवागमन में परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय के उपरी हिस्से से बरसात के दौरान पानी का तेज बहाव होते हुए गुरजता है, इसमें से होकर लोगों को कार्यालय में प्रवेश करना पड़ता है। कार्यालय के सामने पक्की नाली का निर्माण करा दिया जाता है तो बरसात में कार्यालय आने-जाने वाले लोगों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।



जर्जर सड़क...



जर्जर नाली...

# स्वास्थ्य मंत्री से मिले फेडरेशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रदेशव्यापी काम बंद कलम बंद हड़ताल के दौरान कलेक्टर एमसीबी द्वारा की गई एक पक्षीय निलंबन कार्रवाई से बहाली उपरांत छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला एमसीबी के जिला संयोजक गोपाल सिंह एवं छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर कर्मचारियों की बहाली में विशेष सहयोग प्रदान किए जाने के संबंध में सभी साथियों द्वारा सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया प्रकट किया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कर्मचारियों की भूमिका की सराहना की।




उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन का उद्देश्य संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोपाल बुनकर, मुकेश अहिरवार, संजय पाण्डे, विकास मिश्रा, मनीष पोरते, सुनीत जॉन्सन बड़ा, पुष्पराज सिंह सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री नेताम पहुंचे वृद्धाश्रम, बुजुर्गों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम सोमवार को धौराटिकरा बैकुंठपुर स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने बुजुर्गों के साथ काफी समय तक संवाद किया तथा उनके स्वास्थ्य, दैनिक दिनचर्या एवं आश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मंत्री से चर्चा के दौरान बुजुर्गों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और कहा कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी कलेक्टर कम, बेटी ज्यादा लगती हैं। वे नियमित रूप से यहां आती हैं, हमसे हालचाल पूछती हैं, हमारे अनुभव सुनती हैं और कभी अपने अनुभव भी साझा करती हैं। अपने हाथों से बनाए आचार हो या कोई पकवान जरूर लेकर पहुंचती हैं। आते ही हम सभी के पैर छू कर आशीर्वाद लेना नहीं भूलती। पद कितना भी बड़ा हो, जब इंसान में मानवीयता, संवेदनशीलता और उदारता का गुण समाहित हो तो उन्हें समाज बड़ा बनाता है और वह सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी बनता है। बुजुर्गों की यह भावनात्मक बातें सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारीगण भी कुछ समय के लिए भावुक हो गए। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि आज जिस स्थान पर हम पहुंचे हैं, वहां बुजुर्गों का आशीर्वाद और जीवन अनुभव सबसे बड़ा मार्गदर्शन है।

उन्होंने कहा कि जीवन एक चक्र है, शैशव, किशोरावस्था, युवावस्था और अंततः बुजुर्ग अवस्था इस दौर से हम सभी को गुजरना है। मंत्री श्री नेताम ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों के लिए केयर सेंटर प्रारंभ करना एक अत्यंत सराहनीय और संवेदनशील पहल है। उन्होंने इस अवसर पर वृद्धजन को शाल, कंबल, श्रीफल, फल एवं मिठाई का वितरण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने बुजुर्गों को बांटे गर्म कपड़े।

# रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के ग्राम पंचायत बंजी चिरईपानी में प्रस्तावित रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मुलाकात कर उन्हें आवेदन पत्र सौंपा। किसानों ने भूमि अधिग्रहण में तय किए गए मुआवजे को बाजार दर से अत्यंत कम बताते हुए इसे अन्याय पूर्ण करार दिया।

ग्रामीण किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा निर्धारित मुआवजा न तो वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप है और न ही इससे प्रभावित परिवारों के पुर्नवास की समूचित व्यवस्था हो पा रही है। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों में भूमि के बदले चार गुना मुआवजा, गाइडलाइन दरों में तत्काल संशोधन, प्रभावित परिवारों का उचित पुर्नवास, प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी दिए जाने की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान ग्राम सभा में भ्रामक आश्वासन देकर उनकी सहमति ली गई, जबकि बाद में सामने आई वास्तविक मुआवजा दरें अत्यंत कम और अन्यायपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि सूची के अनुसार सरभोका, सरौला, सेंधा, नागपुर एवं सिरियाखोह जैसे आसपास के गांवों की गाइडलाइन दरें काफी अधिक निर्धारित की गई हैं, जबकि बंजी और चिरईपानी की भौगोलिक स्थिति इन गांवों के समान या कई मामलों में बेहतर होने के बावजूद यहां की दरें भेदभावपूर्ण तरीके से कम रखी गई हैं। इस अवसर पर किसानों ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की।

## जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टरेट सभाकक्ष कोरिया में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल सहित जीवन दीप समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री श्री नेताम ने जिला प्रशासन एवं डीएमएफ के सहयोग से प्रदेश का पहला बुजुर्ग देखभाल केन्द्र प्रारंभ किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि अन्य जिलों में भी इस प्रकार के बुजुर्ग देखभाल केन्द्र प्रारंभ किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस बुजुर्ग देखभाल केन्द्र में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क जांच, उपचार, दवाइयां, फिजियोथेरेपी एवं पंचकर्म जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुचारू एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति, मानव संसाधन की स्थिति, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव सेवाएं, शल्य क्रियाएं, डायग्नोस्टिक सेवाएं, ब्लड बैंक, डायलिसिस, एसएनसीयू एवं एनआरसी सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# हिन्द विद्यालय में पेरेंट्स मीटिंग आरटीई छात्रों को मिला स्कूल ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा कॉलरी में सोमवार को पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में नर्सरी से लेकर 12 वीं कक्षा तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने काफी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना रहा।

बैठक के दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से सीधे संवाद कर बच्चों के अध्ययन स्तर, व्यवहार, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने बताया कि बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ना आवश्यक है। अभिभावकों को बच्चों की नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और डिजिटल संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण आरटीई के अंतर्गत प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्रेस वितरण कार्यक्रम रहा। इस अवसर पर केजी 1 से लेकर 8 वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से निःशुल्क स्कूल ड्रेस प्रदान की गई। ड्रेस प्राप्त करते समय बच्चों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों को समान शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिकता है, ताकि किसी भी बच्चे को संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न होना पड़े। पैरेंट्स मीटिंग के माध्यम से विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने का प्रयास किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस बैठक को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की प्रगति की सही जानकारी मिलती है और समस्याओं का समय रहते समाधान संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण में अध्ययन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



### चिरमिरी में बहरूपियों ने किया कला का प्रदर्शन

# समाज को सकारात्मक संदेश देती है बहरूपिया प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी के नगर पालिक निगम क्षेत्र चिरमिरी में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 4 जनवरी को पारंपरिक बहरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को देखने के लिए छग के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के वेश-भूषा धारण कर नगर के मुख्य मार्गों एवं चौक-चौराहों पर घूम-घूमकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

अलग-अलग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित रूपों के माध्यम से कलाकारों ने जनता का मनोरंजन करने के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया। छोटे स्तर पर प्रारंभ हुई यह प्रतियोगिता आज एक बड़े आयोजन का रूप ले चुकी है। बीते 10 वर्षों से यूथ क्लब चिरमिरी द्वारा इस प्रतियोगिता के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, सुभाष कश्यप, चंद्रकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष भाजपा पुरूषोत्तम सोनकर, ओमप्रकाश गुप्ता, राजू नायक, शिवांश जैन, राजकुमार बधावन एवं शिक्षक डीके उपाध्याय उपस्थित रहे। अतिथियों के हाथों विजेता कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि बहरूपिया प्रतियोगिता अब इतने उच्च स्तर की हो चुकी है कि ऐसा प्रतीत होता है ।









### ये रहे बहरुपिया प्रतियोगिता के विजेता

एकल वर्ग में प्रथम वर्षा मिश्रा थीम—योगा, द्वितीय अर्जुन जायसवाल नरसिंह अवतार, तृतीय जानमारे कुमार हत्याकांड—दीपू दास, चतुर्थ- श्याम जायसवाल गौ हत्या, पंचमः संजू कुमार आदिवासी मुर्गा रहे। वहीं समूह वर्ग में प्रथम एनसीपीएच आर-6 माइंस कर्मचारी थीम जिंदगी जियो हंस के, द्वितीय कबीले का इंसाफ ग्रुप—सरगुजा समिति, तृतीय राजा दशरथ का पिंडदान सियाराम ग्रुप, चतुर्थ- जगन्नाथ रथ यात्रा आयुष ग्रुप, पंचम -रेप कांड दियाली ग्रुप रहे। वहीं विशेष पुरस्कार एकल में सुनील केशरवानी भीष्म पितामह, समूह परशुराम रौद्र रूप अंशिका एवं आयुष ग्रुप, इसके अलावा प्रतियोगिता में टॉप-10 कलाकारों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सूखे पेड़ों को काटने की जरुरत पार्षद ने सीएमओ को लिखा पत्र



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद धीरज शिवहरे ने अपने वार्ड में सूखे पेड़ों को सुरक्षा की दृष्टि से काटकर हटाने की मांग संबंधी पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी। पार्षद द्वारा सौंपे गए अपने शिकायत पत्र में उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 5 कचहरीपारा पुराने न्यायालय भवन के पीछे शासकीय बंगला के पास आम का एक पुराना पेड़ सूख चुका है। आस-पास कई शासकीय आवास स्थित हैं, जहां शासकीय कर्मी निवास करते हैं। सूखे बडे पेड़ के कारण आस-पास के निवासियों के लिए खतरा मंडरा रहा है, जिसे समय रहते जल्द से जल्द काटने की मांग की। साथ ही पार्षद श्री शिवहरे ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि वार्ड क्रमांक 5 में ही सिविल लाइन मोड़ से दुर्गा पंडाल व बगल के पेड़ को कटवाने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### यातायात जागरूकता हेतु कॉलेजों में कैंप लगाने एसएसपी से की मुलाकात

**अम्बिकापुर।** सड़क सुरक्षा माह में युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिये सुविधा देने के उद्देश्य से एनएसयूआई के पदाधिकारी नव कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल से मुलाकात के उन्हें ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले अधिसंख्यक छात्र-छात्राओं द्वारा आज दुपहिया वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। उन्हें सड़क दुर्घटना के जोखिम के शारीरीक और आर्थिक पक्ष से अवगत कराना आवश्यक है। इससे सड़क दुर्घटना में कमी होगी। साथ ही साथ ड्राइविंग लाइसेंस को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालयों में कैम्प लगाने से लायसेंस प्राप्त करने में छात्रों को सहूलियत प्राप्त होगी। एनएसयूआई की इस पहल का पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पहल पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस दौरान आकाश यादव, अभिषेक सोनी, दीपेश धर, अंकित एक्का, अनमोल गोस्वामी, अंकित जायसवाल, संजर नवाज, प्रियांशु जायसवाल, अनमोल बारी, आकाश, प्रिंस, दीपंकर आदि मौजूद थे।

### घिर्रा मेला नीलामी में बरतें पारदर्शिता नहीं तो करेंगे घेराव : बृजेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया को लेकर जनपद पंचायत की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मेला आयोजन का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक नीलामी को लेकर कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि विगत तीन-चार वर्षों से जनपद पंचायत शंकरगढ़ में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की आपसी सांठगांठ से मेला नीलामी अपारदर्शी तरीके से की जा रही है। शंकरगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत डीपाडीह कला एवं शंकरगढ़ में प्रतिवर्ष घिर्रा मेला आयोजित होता है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष भी न तो नीलामी को लेकर कोई विज्ञप्ति जारी की गई है और न ही प्रक्रिया को सार्वजनिक किया गया है, जिससे संदेह और गहरा गया है कि नीलामी की प्रक्रिया को जानबूझकर अवरुद्ध किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा कि यदि जनपद पंचायत द्वारा घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से नहीं की जाती है, तो युवा कांग्रेस द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से नीलामी प्रक्रिया शीघ्र सार्वजनिक सूचना के माध्यम से पारदर्शी तरीके से आयोजित करने की मांग की है।

## नौ घंटे तक बाधित रहा कोल उत्पादन

# केतकी खदान में नाराज ग्रामीणों ने मुख्य द्वारा के सामने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

देश की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान परियोजना में सोमवार को स्थानीय नाराज ग्रामीणों के आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन करीब नौ घंटे तक बाधित रहा, भाजपा नेता संत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने रोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर खदान के मुख्य द्वार पर धरना देकर खदान संचालन ठप्प करा दिया, सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुए आंदोलन के बाद देर शाम लगभग चार बजे खदान प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके पश्चात आंदोलन को समाप्त किया गया। इसके बाद शाम करीब पांच बजे मजदूरों का खदान में प्रवेश हुआ और कोयला उत्पादन पुनः शुरू हो सका।

**खास बात**
- अधिकारियों ने शीघ्र जांच कराने दिया आश्वासन

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में खदान में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने, कोयला उत्पादन व परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित जल छिड़काव, तथा निजी कंपनी के अधीन पेटी ठेकेदारों की कथित मनमानी और मजदूरों से मोटी रकम लेकर काम पर रखने जैसी अनियमितताओं की जांच शामिल रही, ग्रामीणों का कहना था कि कई स्थानीय युवक वीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, इसके बावजूद खदान प्रबंधन निजी कंपनी द्वारा दूसरे जिलों से ठेका मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं में रोजगार नहीं मिल पाने से नाराजगी है, साथ ही खदान के सामने और सड़क मार्ग पर जल छिड़काव न होने से दिनभर धूल का गुब्बार उड़ता रहता है। जिससे आसपास के गांवों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत लाच्छा, केतका, मानी, गेतरा के सरपंच सहित ग्रामीण व जोबगा, पोड़ी के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।



धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**चर्चा करने पहुंचे अधिकारी**

आंदोलन के दौरान सब एरिया मैनेजर सहित क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों से चर्चा की गई, प्रबंधन ने सभी मांगों पर जांच कर उचित कार्रवाई और धूल नियंत्रण के लिए जल छिड़काव व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया, आरजीके सब एरिया के सहक्षेत्र प्रबंधक प्रशांत शर्मा ने बताया कि आंदोलनकारियों से सकारात्मक चर्चा हुई है और उनकी मांगों को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से खदान की प्रथम पाली का उत्पादन प्रभावित हुआ, हालांकि खदान अब पुनः चालू करा ली गई है। गौरतलब है कि केतकी खदान पूरी तरह आउटसोर्सिंग माइंस है, जहां एसएमएस कंपनी द्वारा कोयला उत्पादन किया जा रहा है, वर्तमान में खदान से प्रतिदिन लगभग 1200 से 1500 टन कोयला उत्पादन हो रहा है।

# नवा बिहान की टीम ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात

**अम्बिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केन्द्र की टीम के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात कर अभियान एवं परामर्श केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया। कलेक्टर ने सदस्यों से सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। संयोजक मंगल पाण्डेय ने बताया कि सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा विगत चार वर्षों से अभियान चलाया है। कलेक्टर ने अन्य विभागों के साथ समन्वय कर अन्य सामाजिक मुद्धों पर कार्य करने की सलाह दी तथा हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुश्री वंदना दत्ता, संतोष दास सरल, मनोज भारती, हिना खान एवं सुनिधि शुक्ला उपस्थित थीं।



# पिता-पुत्र से मारपीट, हत्या के प्रयास मामले में 8 आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के किरोडीमलनगर में हुई गंभीर मारपीट की घटना में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के अपराध में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना वार्ड क्रमांक 09, उच्चभिट्ठी रोड की है, जहां रविवार की दोपहर गोविंद राम नेताम और उनके पुत्र के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट की गई थी।

पीड़ित गोविंद राम नेताम 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरोडीमल नगर ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले के पीछे वरुण सिंह द्वारा गैलवे कंपनी के लिए दूसरे प्रांत से लाए गए मजदूर रह रहे हैं। 4 जनवरी की दोपहर उनका पुत्र छवि नेताम घबराया हुआ घर आया और बताया कि गैलवे कंपनी के कुछ लड़के जबरन साथ में काम करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर बुधमन उरांव, मंगलदीप उरांव, मनोज उरांव, प्रकाश गोप, अरूण करमाली, दीपक उरांव, कार्तिक उरांव और अशोक उरांव द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई।

घटना की जानकारी मिलने पर गोविंद राम नेताम अपने पुत्र के साथ पीछे मोहल्ले में, जहां ये सभी युवक रहते थे समझाने गए। आरोप है कि वहां सभी आरोपियों ने महाराजा गेट बंद कर दिया और हत्या की नीयत से पिता-पुत्र के साथ हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपी बुधमन उरांव ने डंडे से गोविंद राम नेताम के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए गोविंद राम नेताम और उनका पुत्र किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे। मामले में थाना कोतरारोड़ में अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### ऑटो की टक्कर से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** धौराटिकरा निवासी श्यामलाल आ. स्व. प्रेम साय (71 वर्ष) 20 दिसंबर को पैदल बैकुंठपुर से सलका घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो क्रमांक सीजी 16 सीएल 8281 का चालक विकास कुमार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध घायल हो गया। परिजन घायल को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक श्री शिवकुमार पिता स्व. जुन्दा निवासी ग्राम कतकालो के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने पिता स्व. जुन्दा पिता स्व. बुढ़रा का मृत्यु दिनांक 14/08/1987 को ग्राम कतकालो में होना बतलाते हुये उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करसकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक-24/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**ना. तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा (छ.ग.)**



### सेवा किटी समूह ने बच्चों के साथ मनाया नया साल

**अम्बिकापुर।** सेवाभावी महिलाओं का संगठन सेवा किटी समूह ने बतौली स्थित जीवन ज्योति विद्यालय के नेत्रहीन बच्चों के साथ नया वर्ष मनाया। सेवा किटी की संस्थापिका सुश्री वंदना दत्ता, वरिष्ठ सदस्य नीलिमा गोयल, संजीता स्वर्णकार, नमिता चावला, लिलि बसु रॉय, रश्मि गुप्ता, श्रद्धा खेर पाण्डेय, स्मिता तिवारी, आतिशी भट्टाचार्य ने बच्चों के साथ छेरछेरा की खुशियां मनाई। इस दौरान बच्चों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। समूह द्वारा बच्चों का गुड़, चूड़ा, मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री एवं ठंड से बचाव हेतु 55 कंबल, नए कपड़े, चटाई एवं अन्य सामग्री प्रदान की गई। बच्चों ने ब्रेल लिपि से सदस्यों को परिचित कराया और लिख-पढ़कर सुनाया। विद्यालय के कर्मचारियों ने समूह के सदस्यों को सराहा वहीं बच्चों ने सदस्यों के साथ नए साल को यादगार बताया तथा फिर से आने का आमंत्रण दिया। समूह की सदस्यों ने बच्चों के साथ छेरता पर्व मनाया तथा सरगुजिहा गीत सुनाया। इस दौरान सदस्यों ने विविध कार्यक्रम आयोजित कर नेत्रहीन बच्चों के साथ समय गुजारा।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा इलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, MS, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
डॉ.राहुल कपूर
8225888500
7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल
डॉ. हेमन्त कुमार बी
डॉ. सोनल गार्डिया
डॉ. मनोज भारती
डॉ. ओम प्रकाश पंकित
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह
डॉ. नताशा शर्मा
डॉ. भावना गार्डिया
डॉ. रोशन आरा
डॉ. हिमांशु गुप्ता
डॉ. अखिलेश कुमार भारत
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
डॉ. संदीप गुप्ता
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य
डॉ. समीर श्रीवास्तव
डॉ. रिषभ गुप्ता
डॉ. राहुल शामकांत जाधव
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी
डॉ. आयुषी गुप्ता
डॉ. मीना राव
डॉ. सुरभि
डॉ. हेमलता साहू

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार

BIRLA OPEN MINDS
INTERNATIONAL SCHOOL
AMBIKAPUR
24+ States | 160+ Cities | 280+ Institutes
Shaping Tomorrow
ADMISSIONS OPEN
2026-27
Nursery to Grade 9
SPECIAL FEATURES
- Multiple Intelligence Based Curriculum
- Integrated & Thematic Curriculum
- Holistic Development
- Well Trained Teachers
- Teacher Student Ratio (1:20)
- Secured Play Area
- CCTV Cameras For Security and Safety
- Designed Hygiene Practices
- Well Equipped Learning Centre
100 YEARS OF BIRLA LEGACY NOW IN AMBIKAPUR
admissions.ambikapur@birlaopenminds.com
www.birlaopenmindsambikapur.com
Call: 75619 99100 / 9098180066
Sargawan, Near Pratappur Road, Ambikapur, Chhattisgarh - 497001

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने सुरक्षित आवागमन के लिए आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड में नगर के 65 आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को सुगम यातायात के लिए सुरक्षा से जुड़े विषयों, आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। यातायात नियमों की जानकारी के पोस्टर वाहनों में लगाए गए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और यात्रियों व चालकों की सुरक्षा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में यातायात पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि चालक और सफर कर रहे लोग सुरक्षित रहें। तेज गति से वाहन न चलाने, नशे में गाड़ी न चलाए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन या ईयरफोन का उपयोग न करे एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चालकों को शपथ दिलाई गई और यात्रियों या सामान को ज्यादा भरकर न चलाने, नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एएसआई ब्यासदेव राय, प्रधान आरक्षक मुरीस खाखा, आरक्षक प्रेमसागर साहू, बिलोन बड़ा मौजूद रहे।

### गौ आश्रम धाम सलका अघिना में किया गया नव निर्मित शेड का लोकार्पण



**सलका अघिना।** वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष की ठंड के मौसम में किए जाने वाले गर्म कपड़ों की वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौ आश्रम धाम सलका अघिना केवटाली कोटया में आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे को गर्म कपड़े वितरित किए गए। माता के लिए साड़ी तथा बुजुर्गों के लिए कंबल, टोपी सहित अन्य आवश्यक वस्तु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट स्थिति वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि,कलेक्टर एस जयवर्धन, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित चारों ग्राम पंचायत के सरपंच पंच मौजूद थे। इस अवसर पर आश्रम धाम में स्वर्गीय हुकुमचंद अग्रवाल की स्मृति में अग्रवाल परिवार सलका द्वारा तथा स्वर्गीय रामनिवास अग्रवाल की स्मृति में राहुल ट्रेडर्स द्वारा निर्मित सेड का लोकार्पण अतिथियों ने किया। इसके अलावा अंबिकापुर के जगविंदर बंसल द्वारा गौ आश्रम धाम में एक और सेट निर्माण हेतु 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान गांव आश्रम धाम की टीम द्वारा कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की मांग रखा जिस पर सकारात्मक विचार करते हुए वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पर और जिला कलेक्टर द्वारा हाई मार्क्स लाइट, एक सुलभ शौचालय तथा सोलर सिस्टम युक्त ट्यूबवेल व पानी टंकी की प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी हीरालाल आ. स्व. जगेश्वर (50 वर्ष) 3 जनवरी को बेटी के साथ में घर में था जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। दोपहर को भोजन करने के पश्चात अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। पिता की तबीयत बिगड़ने पर बेटी सीमा पूछताछ की तो पिता ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर सीमा ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई।

प्रधानमंत्री को भेजेंगे पत्र

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने बच्चों ने निकाली रैली, 75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिंगल यूज प्लास्टिक रैपरों पर बैन लगाने की मांग को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। विभिन्न झांकियों और बैंड से सुसज्जित झांकी में बच्चों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे से हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराया। बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों को समर्थन मिला और पक्ष-विपक्ष सभी ने एक मंच पर आकर बच्चों के प्रयास की सराहना की। खास बात यह है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चलाया गया 75 हजार हस्ताक्षर अभियान पूर्ण हुआ और अब बच्चे अपनी मांग के साथ 75 हजार समर्थन पीएम नरेंद्र मोदी को भेजेंगे।

**खास बात**
- जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है और बच्चे विभिन्न कंपनियों के सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को।एकत्रित कर पिछले दस सालों से उन्ही कंपनियों को वापस।भेज देते है ताकि प्लास्टिक पर प्रतिबंध लग सके। बच्चों के इस अभियान को वर्ष 2020 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा था जिसके बाद बच्चों में इस अभियान को लेकर उत्साहवर्धन हुआ। अभियान के तहत विगत वर्ष से होली क्रॉस के बच्चे जनसमर्थन के लिए झांकियों के साथ रैली निकालते है वहीं इस साल बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक व रैपर पर बैन लगाने एक हस्ताक्षर अभियान चलाया और शहर भर में लोगों ने इस अभियान को अपना समर्थन भी दिया। सोमवार को।75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण होने पर बच्चों ने शहर में भव्य रैली निकाली। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर बच्चों ने विशेष झांकी बैंड के साथ रैली निकाली और शहर भ्रमण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने का भी आह्वान किया।



रैली में शामिल बच्चे।

#### मॉन्सटर की तरह कर रहा प्रभावित

अभियान के दौरान बच्चों ने घड़ी चौक पर एक नुक्कड़ नाटक किया। इस दौरानबच्चों ने प्लास्टिक कचरे की तुलना एक राक्षस से की जो पर्यावरण व जीवन को नुकसान पहुंचा रहा है। स्कूल की गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा ने बताया की हमने सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को बैन करने का अभियान छेडा है। रैली में ये सन्देश दिया गया प्लास्टिक मोनेस्टर कैसे हम सबको नुकसान पहुंचा रहा है। हमने के हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें 75 हजार लोगों के हस्ताक्षर लिए गए और अब इसे पीएम को भेजेंगे। हर साल की तरह इस साल भी हमने प्लास्टिक रैपर एकत्र किये हैं और उसे कंपनियों को क्रिसमस या न्यू इयर गिफ्ट के रूप में भेज रहे है।

#### छुट्टी में भी की तैयारी

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. जेस्सी ने बताया कि बच्चों न इस अभियान को लेकर काफी मेहनत की। स्कूल की छुट्टी होने पर भी बच्चे स्कूल आए और इस अभियान को लेकर तैयारियां की। शहर में जागरुकता अभियान चलाया, लोगों से हस्ताक्षर लिए। इस अभियान में बच्चों के साथ उन टीचरों का भी बड़ा योगदान होता है जो बच्चों को प्रेरित करते हैं इस तरह के आयोजन में सपोर्ट करते हैं।

#### समर्थन में आए जनप्रतिनिधि

बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों के समर्थन भी मिला। इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए इस दौरान सभी ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे समाज को एक नई दिशा देने की पहल है। अम्बिकापुर स्वच्छता में देश में अव्वल रहा है और इस बार स्वच्छता लीग में सफलता हासिल की। हमने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया है और इसपर कार्रवाई भी करेंगे।



## सहकारी समिति छिंदिया में 3 हजार बोरी धान घोटाले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सहकारी समिति छिन्दिया में बड़े पैमाने पर धान घोटाले का मामला सामने आया है। किसानों ने गाढ़ी कमाई पर डाका डाले जाने के आरोप लग रहे हैं। तहसीलदार द्वारा 1 जनवरी को किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान समिति में लगभग 3000 बोरी धान कम पाया गया, जो कि करीब 1200 क्विंटल होता है। सरकारी समर्थन मूल्य के अनुसार इसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

- कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश

सूत्रों के अनुसार तहसीलदार ने निरीक्षण के बाद जांच कार्रवाई रजिस्टर में 3000 बोरी धान की कमी का लिखित उल्लेख भी किया है और संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि समिति के प्रबंधक और कथित बिचौलियों की मिलीभगत से न केवल किसानों के धान में हेराफेरी की गई, बल्कि सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि पूरे मामले को लीपापोती कर दबाने की कोशिश की जा रही है। यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले वर्ष भी ग्राम अर्जुनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता जगधारी द्वारा समिति में अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन उस समय भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई न होने के कारण समिति कर्मचारियों के हौसले और बढ़ गए और इस वर्ष फिर से बड़ा घोटाला सामने आया है। गांव में यह भी चर्चा है कि जांच के लिए बड़े अधिकारी मौके पर तो आए, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। इधर किसानों ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी जताई है साथ ही दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### तीन हजार बोरी कम पाया गया था धान

जांच के दौरान सहकारी समिति छिन्दिया में 3 हजार बोरी धान कम पाया गया था। सरकारी समिति के जांच रजिस्टर में 3 हजार बोरी कम होने का लिखित उल्लेख किया है और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया है। अभी जांच चल रही है जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

**-मनहरण सिंह राठिया**
तहसीलदार रामानुजनगर

## एसआईआर प्रक्रिया में वोटरों की छंटनी पश्चात 285 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर एवं शिवनन्दनपुर अंतर्गत चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप दस्तावेज जमा नहीं करने वाले नागरिकों पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बिश्रामपुर नगर पंचायत के करीब 285 लोगों को नोटिस जारी कर सुनवाई का एक अतिरिक्त अवसर दिया गया है,ताकि वे अपने वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें और मतदाता सूची में अपने नाम सुरक्षित रख सकें, ज्ञात हो कि सोमवार को इस प्रक्रिया के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के 22 नागरिकों को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया गया था, सुनवाई के दौरान प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

- समय सीमा में आवश्यक वैध दस्तावेज जमा करने का दिया गया अतिरिक्त मौका

मानी नायब तहसीलदार प्रियंका रवि, नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पटवारी अरुण जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और प्रत्येक मामले को सुना गया,सुनवाई के दौरान कई नागरिक नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अपने-अपने दस्तावेज जमा किए,हालांकि कई ऐसे लोग भी सामने आए जिनके पास निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं,दस्तावेजों की कमी के चलते उनके बीच मतदाता सूची से नाम कटने का भय लगातार गहराता जा रहा है, जिससे



लोगों में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है,स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आम नागरिकों की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए दस्तावेज संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता अनजाने में अपने अधिकार से वंचित न हो,एसआईआर के तहत चल रही यह प्रक्रिया जहां एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है,वहीं दूसरी ओर दस्तावेजों की कमी से जूझ रहे नागरिकों के लिए यह चिंता का विषय बनती जा रही है, इस संबंध एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य योग्य मतदाताओं को सूची से बाहर करना नहीं,बल्कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है,जिन नागरिकों के दस्तावेज अधूरे हैं,उन्हें नियमानुसार अवसर दिया जा रहा है, ताकि वे समय रहते आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत कर सकें।

## बलरामपुर खदान में 30 लाख टन कोयले पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर खदान में करीब 30 लाख टन कोयले का विशाल भंडार मौजूद है, जिसे कुछ आवश्यक मशीनें और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर आसानी से निकाला जा सकता है, बावजूद इसके प्रबंधन पर आरोप है कि कर्मियों से काम न लेकर निजी ठेकेदारों के जरिये जानबूझकर खदान की पंपिंग व्यवस्था में बाधा डाली जा रही है। ऐसे में कम्पनी को नुकसान पहुंचाकर निजीकरण को बढ़ावा देने के आरोप प्रबंधन पर लग रहे हैं,मामले में कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा का दावा है कि इस खदान के भीतर सैकड़ों करोड़ रुपए की मशीनरी और सामग्री पहले से ही डूबी हुई है।

- एचएमएस संगठन के क्षेत्रीय महामंत्री ने चरणबद्ध आंदोलन करने की दी चेतावनी

जिससे न केवल सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान हो रहा है,बल्कि खदान की उत्पादक क्षमता भी प्रभावित हो रही है,श्री मिश्रा का कहना है कि यदि मात्र चार से छह पंप और एलएचडी मशीनें उपलब्ध करा दी जाएं,तो बिना किसी बड़ी बाधा के कोयले का दोहन किया जा सकता है, उन्होंने आरोप लगाया है कि नया कुम्दा खदान 7/8 में भी इसी तरह की स्थिति जानबूझकर बनाई जा रही है, जिससे सरकारी उत्पादन को कमजोर कर निजीकरण का रास्ता साफ किया जा सके,यह स्थिति क्षेत्र हित, खदान हित और मजदूर हित तीनों के लिए घातक बताई जा रही है,इन मुद्दों को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन,16 जनवरी शुक्रवार से क्रमिक भूख हड़ताल करने एवं 23 जनवरी से अनशन पर बैठने की बात कही जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रबंधन ने समय रहते पंपिंग व्यवस्था दुरुस्त कर खदानों में मशीनें उपलब्ध नहीं कराई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा,उन्होंने कहा कि यह लड़ाई निजीकरण के खिलाफ, सरकारी संपत्ति की रक्षा और मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है।

## रिश्तेदार की हत्या करने के मामले में आरोपी सगे भाई गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में शनिवार को छेरता पर्व के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद 24 वर्षीय युवक की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर देने वारदात में शामिल आरोपित दोनों सगे भाई टेम साय पैकरा 25 वर्ष एवं गेंद बिहारी 20 वर्ष पिता ठाकुर सिंह पैकरा निवासी द्वारिका नगर चौकी लटोरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज सोमवार को न्यायालय पेश कर दिया है,न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल दाखिल कराया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया (24 वर्ष) ने चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था,प्रेम विवाह के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे,शनिवार को छेरता पर्व के अवसर पर रामलल्लू का साला गेंदबिहारी दोनों रामलल्लू के घर में साथ खाना-पीना खाए,इसी दौरान गेंदबिहारी को घर में देखकर रामलल्लू का छोटा भाई अनिल नाराज हो गया और कहा कि इतने दिनों से तुम लोग हमारे घर नहीं आए,आज क्यों आए हो,इस बात पर गेंदबिहारी भड़क गया और धमकी देते हुए वहां से चला गया,पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेमसाय को लेकर वापस रामलल्लू के घर पहुंचा,इसके बाद दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से रामलल्लू और अनिल दोनों की जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए,घटना में गंभीर रूप से घायल रामलल्लू और अनिल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी ले जाया गया,जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई,वहीं रामलल्लू की स्थिति बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया,जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली,लटोरी पुलिस ने मामले में आरोपितों के खिलाफ धारा 296,351(3),115(2)3,5 बीएनएस की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया है,पुलिस ने बताया कि मामले की जांच परीक्षण उपरांत मामले में धारा103(1),324 जोड़ी गई है।पुलिस ने आरोपित सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## हिन्दू धर्म की मजबूती से ही विश्व का कल्याण : मिश्रा

**अम्बिकापुर।** सर्व हिन्दू समाज मणिपुर बस्ती द्वारा संत गहिरा गुरु आश्रम में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में जिला के विभिन्न बस्ती, मंडलों में सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

- संत गहिरा गुरु आश्रम में किया गया हिन्दू सम्मेलन



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बजरंगबली के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्म जागरण के संस्कृति आयाम सह प्रांत प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने सनातन धर्म की महत्ता का उल्लेख करते हुए बताया कि गुण और कार्य के अनुसार व्यक्ति का वर्ण व्यवस्था में निर्धारण निश्चित था, यह जन्म आधारित नहीं था। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सूर्य प्रकाश साहू ने कहा कि हिन्दू जब जब बंटा है, तब तब घटा है। आज बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार और हत्याएं बहुत चिंताजनक हैं। करुणा और दया हमारी विशेषता रही है, लेकिन विधर्मियों ने इसे हमारी कमजोरी समझा है। उन्होंने कहा कि हमें जाति से ऊपर उठकर हम सब हिन्दू हैं, संगठन में शक्ति है के भाव को बढ़ावा देना है, अनेक प्रकार के संकटों से लड़ना है तो हमें एकजुट होना होगा। महिला वक्ता गौरी शर्मा ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन में जोर देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य का पालन और व्यवहार सभी को करते हुए हमें भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है। पुरोहित जय तिवारी ने बताया कि पूरी सृष्टि में एकमात्र सनातन धर्म है जो सभी के सुख और निरोग की कामना करता है। आभार प्रदर्शन संरक्षक सुरेश मलिक एवं मंच संचालन सरस्वती केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर शिवशंकर किस्पोट्टा, शम्भू प्रजापति, अरविंद पासी, गणेश साहू , जगदीश विश्वकर्मा, रेखा गुप्ता, हीरालाल सहित विभिन्न समाज के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक सोनवानी, सालेम केरकेट्टा, यदुवंश केरकेट्टा, अभय साहू, रामसेवक साहू, इन्दर भगत, दिनेश साहू, सत्यम साहू, मुरारीलाल बंसल, पंकज चौधरी, अमरनाथ साहू, खुशबू एक्का, धनेश्वर दास, अंकित दास, अंकुश दास, बढ़हु राम यादव, लरंग मुंडा, उमेश यादव, राकेश कुशवाहा, मिथलेश श्रीवास्तव, रवि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल , 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411